हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 27 अगस्त 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 मेजिक चालक को गिरफ्तार कर वाहन किया जब्त...



07 थाने में शिकायत कर लौटे पूरे परिवार पर...



नलखेड़ा में मुस्लिम समाज जनों द्वारा निकाला गया भव्य समारोह

1501वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया

जगह-जगह पर स्वागत कर बच्चों को उपहार व मिठाई का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर नलखेड़ा में पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब का 1501 वे जन्मदिन के पावन अवसर का पर्व ईद मिलादुन्नबी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज जनों के साथ मदरसों के बच्चे एवं बालिकाएं हाथों में धर्म ध्वज लेकर शामिल थी। चल समारोह का स्थान - स्थान पर स्वागत हुआ। समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान कर बच्चों को उपहार व मिठाइयों का वितरण भी किया गया। पैगंबर इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर मनाया जाने वाला पर्व, जश्ने ईद मिलादुन्नबी नगर में मुस्लिम समाज जनों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परंपरानुसार ईद मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा नगर में विशाल चल समारोह निकाला गया। जो जामा मस्जिद मेवाती मोहल्ला से शुरू होकर ठाकुर मोहल्ला, डोकरपुरा, हनुमान मंडी, चोक बाजार, गणेश दरवाज़ा चौराहा, शिवजी चौराहा, बस स्टैंड, पुरानी कृषि उपज मंडी रोड, नयापुरा से होते हुए पुनः ठाकुर मोहल्ला मदरसा परिसर पहुंचा। यहां दुरुदों सलाम के बाद देश और दुनिया सहित नगर में अमन शांति एवं भाईचारे की दुआ की गई। उसके बाद तबर्रुक प्रसादी वितरण कर जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में आगे आगे ऊंट और पांच अश्व पर सवार युवा अपने हाथों में धर्मध्वजा लेकर चल रहे थे। उनके पीछे नन्हे मुन्ने बच्चे उत्साह से ओतप्रोत होकर नात शरीफ भक्ति गीत गुनगुनाते हुए चल रहे थे।





विभिन्न संगठन द्वारा किया जुलुस का स्वागत

जुलूस का नगर परिषद कार्यालय पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी सहित सभी पार्षदों द्वारा वरिष्ठ मुस्लिम समाज जनों का शाल एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके अलावा ब्लाक कांग्रेज कमेटी के मंच से क्षेत्रीय विधायक भेरूसिंह परिहार , ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम मालोट सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा साफा पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नयापुरा मोहल्ले में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेम राठौर द्वारा अपने निवास पर वरिष्ठ मुस्लिम समाज जनों का पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। तथा चल समारोह में शामिल बच्चों को मिठाई का वितरण भी किया गया। इसके अलावा जगह जगह विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा भी जुलूस का स्वागत किया गया। जुलुस के आयोजक समिति जश्ने ईद मिलादुन्नबी कमेटी की समस्त नगरवासियों द्वारा सफल आयोजन के लिए प्रशंसा की गई। गत कई वर्षों से इसी कमेटी द्वारा विशाल चल समारोह का आयोजन किया जाता। इसी के साथ कमेटी के सदस्यों की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अहम भूमिका रहती है। जुलूस में एसडीओपी देवनारायण यादव, टी आई शशि उपाध्याय अपने पुलिस बल के साथ व्यवस्था सम्भाले हुए थे।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकाला भव्य जलसा



भानपुरा /मंदसौर। नगर के मुस्लिम समुदाय ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व बुधवार 26 अगस्त को हर्षोल्लास से साथ मनाया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शहर काजी जनाब इमरान अली एवं अंजुमन सदर मोहसिन कुरैशी के नेतृत्व में पुराना बस स्टैंड स्थित अंजुमन भवन से एक भव्य जलसा निकल गया। जलसा झालावाड़ रोड, नया बस स्टैंड, रामपुरा गेट, तंबोली मोहल्ला, सदर बाजार, धान मंडी, निमथुर गेट होते हुए वापस अंजुमन भवन पहुंचकर संपन्न हुआ। जलसे का नगर के प्रमुख मार्गों पर कई जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रामपुरा गेट के समीप नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार पाटीदार नए शहर काजी एवं अंजुमन सदर का पुष्प हारो शाल श्रीफल से स्वागत किया गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर जाकिर शेख पार्षद गण सुभाष बागड़ी, शीतल भूटानी, रोडुलाल चारण, मकसूद अंसारी, मुर्तजा बोहरा, जाहिर मंसूरी एवं हरीश नामदेव, हरिकृष्ण मरमट, मुकेश रत्नावत, दिनेश छालीवाल, अमन भाना, सचिन कलवाड़िया सहीत कई गणमान्य जनों ने शहर काजी व अंजुमन सदर का पुष्पहारों से स्वागत कर जलसे पर पुष्प वर्षा की। इसके साथ ही नया बस स्टैंड विजय स्तंभ के समीप सनातन धर्म मंडल के तत्वाधान में सनातन धर्म मंडल के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, अशोक मालिया, निमेष तिवारी, राजेश बंडवाल, डॉ राजेंद्र दुबे, पवन उपाध्याय, अनिल राठौर, जितेंद्र सिंह हाडा, शुभम बंबोरिया सहीत कई गणमान्य जनों ने शहर काजी एवं अंजुमन सदर का पुष्प हारो से स्वागत कर जलसे पर पुष्प वर्षा की। नगर में कई स्थानों पर नगर की विभिन्न संस्थाओं आदि ने पुष्प वर्षा का जलसे का स्वागत किया। जलसे के पूरे मार्ग में शहर काजी ने स्वागत करने वाले नगर के गणमान्य जनों को पुष्प गुच्छ भेंट कर कौमी एकता का संदेश दिया। जलसे के पीछे पीछे पूरे मार्ग में नगर परिषद के सफाई मित्रों सफाई व्यवस्था में जुटे रहे।

हादसे में मां-बेटी की मौके पर मौत, तीन अन्य गंभीर

आगर जिले के बड़ोद के समीप भीषण सड़क हादसा, कार के परखच्चे उड़ गए

मृतक छवि यूट्यूबर थी, उसका चैनल काफी लोकप्रिय था, सात लाख से अधिक सबक्राइबर है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा







प्रदेश के उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। फोरलेन पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने सबको झकझोर दिया। हादसे में कार सवार मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। हादसा इतना भीषण था कि अर्टिगा कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में मृत छवि के यूट्यूब चैनल पर 7 लाख से अधिक सब्सक्राडबर थे। वहीं इंस्टाग्राम पर भी उनके 1 लाख से अधिक फॉलोअर्स थे।

आगर मालवा जिले के बड़ौद थाना क्षेत्र के ग्राम रामाखेड़ी के पास मंगलवार सुबह करीब 6 बजे तेज रफ्तार अर्टिगा आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परिवार के मुखिया सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। हादसा इतना भीषण था कि अर्टिगा के परखच्चे उड़ गए। टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रैलिंग तोड़ते हुए नीचे उतर गया। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को जानकारी दी। साथ ही घायलों की मदद करने के लिए मौके की तरफ गए। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ौद पुलिस और एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। कार में एक महिला का शव बुरी तरह फंस गया था। उसे बाहर निकालने में रेस्क्यू टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दोनों मृत महिलाओं के शव शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ौद पहुंचाए गए। वहीं, घायलों को भर्ती कराया गया।

बताया गया कि उत्तर प्रदेश के हाथरस जंक्शन क्षेत्र के महौखास गांव में श्यामलाल (54) किराना स्टोर चलाते हैं परिवार में पत्नी सारिका (50) के अलावा बेटी छवि वार्ष्णेय (23) और एक बेटा कान्हा (26) है। सोमवार रात श्यामलाल, बेटी छवि पत्नी सारिका, रिश्तेदार सुरजपाल और ड्राइवर सचिन के साथ उज्जैन दर्शन करने जा रहे थे। कि रास्ते में बड़ोद के समीप यहां भीषण सड़क हादसा घटित हो गया। हादसे के बाद एनएचएआई की एंबलेंस से छवि और उनकी मां सारिका को सीएचसी बडौद लाया गया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ विजेंद्र चूड़िहार ने मां-बेटी को मृत घोषित कर दिया। वही पिता श्यामलाल, समधी सुरजपाल और ड्राइवर सचिन गंभीर रूप से घायल हैं। उनका प्रार्थामेक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सारिका पति श्यामलाल और छवि पिता श्यामलाल के रूप में हुई है। दोनों ही उत्तर प्रदेश की रहने वाली थीं। घायलों की पहचान सूरजपाल, सचिन और श्याम के रूप में हुई है। सभी के उत्तर प्रदेश निवासी होने की जानकारी सामने आई है। बड़ौद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है। शुरूआती जानकारी के अनुसार अर्टिगा की ट्रक से पीछे से टक्कर हुई।

छवि के यूट्यूब चैनल पर 7 लाख से अधिक सब्सक्राडबर थे

दुर्घटना में मृतक छवि दरअसल यूट्यूबर है और उसका चैनल काफी लोकप्रिय है, उसके सात लाख से अधिक सबक्राइबर है। छवि के चेचेरे भाई सचिन वार्ष्णेय ने बताया कि वह बचपन से ही प्रतिभाशाली थीं, ग्रेजएशन तक की पढ़ाई उसने की है। पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहती थीं। उनमें शुरू से ही कुछ अलग करने और आगे बढने का जूनून था। 2021 में छवि ने यूट्यूब पर अपना चैनल बनाया था। शुरुआत में उन्होंने अपनी डेली लाइफ से जूड़े व्लॉग और वीडियो बनाने शूरू किए। धीरे-धीरे उनके वीडियो लोगों को पसंद आने लगे और चैनल की लोकप्रियता तेजी से बढी। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग वीडियो भी बनाने शुरू किए। छवि के यूट्यूब चैनल पर 7 लाख से अधिक सब्सक्राडबर थे। वहीं इंस्टाग्राम पर भी उनके 1 लाख से अधिक फॉलोअर्स थे। सोशल मीडिया पर छवि के काम को परिवार का भी पूरा सहयोग मिला। परिवार ने छवि को आगे बढने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया।

4 पंप लगाकर निकासी, शिवना नदी का जलस्तर बढ़ा

मंदसौर में डेढ़ घंटे की मूसलाधार बारिश, कई इलाकों में पानी भरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंगलवार को शहर में करीब डेढ़ घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज बारिश के कारण शहर के कई निचले क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर जलभराव की स्थिति बन गई। सड़कों पर पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं कई कॉलोनियों में भी पानी घरों के बाहर तक पहुंच गया। शिवना नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ा, जिससे प्रशासन और नगर पालिका अलर्ट मोड पर आ गए। कलेक्टर दिव्यांक सिंह स्वयं देर रात स्थिति देखने के लिए स्थल पर



पहुंचे। बारिश के दौरान सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में धानमंडी सहित शहर के निचले हिस्से रहे, जहां पानी की निकासी के लिए नगर पालिका की टीमों को तत्काल मैदान में उतरना पड़ा। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए चार बड़े पंप लगाए गए, जिनकी मदद से लगातार पानी निकाला गया। अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर पंपों की क्षमता और पानी की आवक की जानकारी भी ली। लगातार हुई बारिश से शिवना नदी में पानी की आवक बढ़ गई है। नदी का जलस्तर बढ़ने के चलते घाटों और नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। जिले में पिछले दिनों हुई बारिश के कारण भी नदी और आसपास के जलस्रोतों में पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

श्री नवकार महामंत्र आराधना में सांसद ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जीवागंज स्थित श्री राजेन्द्र विलास में दिनांक 20 अगस्त से 28 अगस्त तक नौ दिवसीय मंत्राधिराज श्री नवकार महामंत्र आराधना हो रही है। प्रतिदिन प्रातः 8 से 12 बजे तक लगभग 115 आराधक नवकार महामंत्र की 20-20 माला गिनकर नवकार की अदभुत आराधना कर रहे हैं। कल इसी धर्म आराधना में मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया ने भी पहुँचकर मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी म.सा. व मुनिराज श्री पवित्ररत्नविजयजी म.सा. के दर्शन वंदन का धर्मलाभ लिया तथा नवकार महामंत्र के सभी आराधकों के



तप त्याग की अनुमोदना की। धर्मसभा में मुनिश्री प्रत्यक्षरत्नजी ने नवकार के 7 वें पद सव्व पावप्पणासणो की महत्ता बतायी तथा इस पद के अक्षर से आने वाले जैन तीर्थ श्री स्तंभवरतीर्थ, श्री वहमीपुर तीर्थ, श्री पावापुरी तीर्थ, श्री बही पार्श्वनाथ तीर्थ, श्री परासली तीर्थ, श्री नागेश्वर तीर्थ उन्हेल, श्री सांचोर तीर्थ, श्री गौधणवदर तीर्थ की स्थापना व उसके महत्व की पूरी जानकारी दी।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि मुझे व मेरे परिवार को जैन संतों एवं साध्वियों का सानिध्य व आशीर्वाद मिला है। आचार्य श्री जयन्त सेन सूरिश्वरजी म.सा. की मेरे परिवार पर खूब कृपा रही है। मैं भाग्यशाली हूँ कि आप नवकार की अद्भुत धर्माराधना में आने व दोनों मुनिराजों के दर्शन व वंदन का अवसर मिला है। आपने कहा कि जैन समाज आर्थिक, सामाजिक दृष्टि से भले ही सुदृढ़ हो लेकिन समाज की कम जनसंख्या चिंता का कारण है। युवा पीढ़ी में बच्चों के जन्म व लालन पालन के प्रति जो उदासीनता देखने को मिल रही है, वह विचारणीय है। युवा पीढ़ी को अपने कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति सचेत रहना चाहिये। पूर्व विधायक सिसोदिया ने कहा कि नवकार महामंत्र की आराधना में 115 आराधकों को जोड़ना व प्रतिदिन पूरे मनोभाव से नवकार की माला गिनना अद्भुत आयोजन है। मुझे आज इस आयोजन में आने व इसके साक्षी बनने का अवसर मिला मैं इसके लिये श्रीसंघ व चातुर्मास समिति का आभारी हूं।

3 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन

संभाग स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में आईपीएस इंग्लिश स्कूल का दबदबा

नीमच में आयोजित संभाग स्तरीय मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ियों ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नीमच में आयोजित संभाग स्तरीय वुशु मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में आईपीएस इंग्लिश स्कूल , मंदसौर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में मंदसौर, नीमच, उज्जैन, देवास, आगर-मालवा, शाजापुर और रतलाम सहित संभाग के सातों जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय की वुशु टीम के 10 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें से अंजलि कुमावत, सोनाली घुरैया और कृष्णपाल सिंह



ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इन तीनों खिलाड़ियों का चयन 21 से 25 सितंबर तक जबलपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं, टीम के अन्य खिलाड़ियों ने भी शानदार मुकाबला करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम को यह सफलता वुशु कोच एवं ट्रेनर धवल कुमावत के मार्गदर्शन में मिली।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रीतिपाल सिंह राणा, मैनेजिंग डायरेक्टर भानुप्रताप सिंह राणा एवं प्राचार्या निधि झाला ने सभी पदक विजेताओं और कोच को बधाई दी।

रविदास जी की 650वीं जयंती पर समरसता संकल्प अभियान व कलश यात्रा का आयोजन

संत रविदास जी का जीवन व उनके विचार आज भी प्रेरणा देते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशव्यापी समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा के अंतर्गत मंदसौर विधानसभा ग्रामीण मंडल के ग्राम अलावदाखेड़ी एवं ग्राम साबाखेड़ा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम अलावदाखेड़ी में आयोजित कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता ने किया। वहीं ग्राम साबाखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने सहभागिता कर संत रविदास जी के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा खेल प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक शांतिलाल मालवीय, भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन अटेला, मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह सिसौदिया, मंडल महामंत्री बंशीलाल धनगर, विट्ठल गुप्ता, कमलेश सिसौदिया, राजेश गुर्जर सहित मंडल पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन





उपस्थित रहे। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से समाज को समानता, मानवता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना की, जहां जाति, वर्ग और ऊंच-नीच के आधार पर किसी के साथ भेदभाव न हो। संत रविदास जी का जीवन और उनके विचार आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि कलश वंदन एवं समरसता संकल्प यात्रा केवल धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में समानता, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का अभियान है। हमें संत रविदास जी के विचारों को केवल स्मरण नहीं करना है, बल्कि उन्हें अपने आचरण और व्यवहार में भी उतारना है।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सामाजिक न्याय, वंचित वर्गों के सशक्तिकरण और प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न का मंत्र प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर राष्ट्र को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का जीवन सामाजिक समानता और मानव कल्याण का संदेश देता है। उनकी वाणी और विचारों ने सदियों से समाज को एकता, प्रेम, सद्भाव और समरसता का मार्ग दिखाया है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि कलश यात्रा और समरसता संकल्प अभियान के माध्यम से संत रविदास जी के संदेश को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यह अभियान सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही नई पीढ़ी को संत रविदास जी के जीवन दर्शन से परिचित कराने का माध्यम बनेगा। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणजनों से आह्वान किया कि संत रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर हम सभी सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लें तथा विकसित, आत्मनिर्भर और समरस भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान कलश वंदन एवं यात्रा के माध्यम से ग्रामीणजनों ने संत रविदास जी के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप

ईद पर मुस्लिम परिवार ने दिखाई ईमानदारी महिला का लौटाया पर्स



सोनकच्छ। ग्राम सेठ गुराड़िया से सोनकच्छ आई संगीता बाई पति कैलाश का पर्स सोनकच्छ बाजार में गिर गया। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान यह पर्स अयाज बेग पिता अजहर बेग अज्जू को मिला। अयाज बेग ने पर्स मिलने की जानकारी अपने पिता अजहर बेग को दी। पर्स में महिला का मोबाइल नंबर मौजूद था। इसके आधार पर अजहर बेग ने महिला से संपर्क कर पर्स मिलने की जानकारी दी। बाद में महिला को अफसर मंसूरी की दुकान पर बुलाकर, उनकी उपस्थिति में पर्स सुरक्षित वापस लौटा दिया गया। ईद के मौके पर मुस्लिम परिवार द्वारा दिखाई गई ईमानदारी और इंसानियत की लोगों ने सराहना की।

शनिवार को कन्नौद में लगेगा शिविर

देवास। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुशासन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए "मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान" के अंतर्गत जिले में विकासखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार, रक्षाबंधन पर्व के चलते इस बार शिविर शुक्रवार के स्थान पर शनिवार, 29 अगस्त को कन्नौद में आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे।इस दौरान स्थानीय उद्यमियों, निवेशकों और स्टार्टअप प्रतिनिधियों के साथ 'उद्योग संवाद' कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना, स्थानीय उद्योगों की समस्याएं सुनना और उनका त्वरित समाधान करना है।

सीएम ने लिया स्कूल वैन घटनाक्रम का स्वयं संज्ञान, दिए कार्रवाई के निर्देश


मेजिक चालक को गिरफ्तार कर वाहन किया जब्त, स्कूल संचालक पर भी प्रकरण दर्ज

अंडरपास में जल जमाव के बीच मेजिक चालक द्वारा बैरिकेड हटाकर वाहन निकालने के प्रयास की घटना पर सीएम यादव ने लिया संज्ञान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बीते सोमवार शाम शहर में तीन घंटे तेज बारिश होने से सड़कों और निचले इलाकों में भारी जल जमाव की स्थिति निर्मित हुई थी। शहर के मेंडकी रोड रेलवे क्रासिंग स्थित अंडर पास में भी तीन से चार फीट तक पानी जमा हो गया था। स्थानीय जनप्रतिनिधि और पुलिस ने संज्ञान लेते हुए अंडर पास वाले जाने रास्ते पर बैरिकेड लगाकर मार्ग बंद कर दिया था, लेकिन मंगलवार सुबह सिटी कॉन्वेंट स्कूल,राजाराम नगर, सिविल लाइन देवास के छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन विद्यालय छोड़ने वाले मेजिक वाहन चालक द्वारा गंभीर लापरवाही एवं नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया। घटना सभी मीडिया माध्यमों में प्रकाशित होने के बाद प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के संज्ञान में भी आई। घटना की जानकारी लगने के बाद मुख्यमंत्री द्वारा प्रकरण का संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जिसके अनुपालन में देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा तत्काल लापरवाही बरतने वाले मैजिक चालक एवं स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। घटना अनुसार मंगलवार को सिविल लाइन क्षेत्र स्थित रेलवे अंडर ब्रिज में अत्यधिक वर्षा के कारण पानी भर गया था। सुरक्षा की दृष्टि से जिला पुलिस द्वारा अंडर ब्रिज के दोनों ओर स्टॉपर लगाकर आवागमन पूर्णतः बंद किया गया था। इसके बावजूद मेजिक चालक द्वारा जानबूझकर पुलिस द्वारा लगाए गए स्टॉपर को हटाकर वाहन को अंडर ब्रिज में प्रवेश कराया गया। पानी अधिक होने के कारण मेजिक वाहन बंद हो गया। स्थिति की गंभीरता के बावजूद चालक द्वारा स्कूली बच्चों को वाहन में ही छोड़कर मौके से चले जाना अत्यंत लापरवाहीपूर्ण एवं गैर-जिम्मेदाराना कृत्य था। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय नागरिकों एवं डायल-112 में कार्यरत पुलिस बल व थाना सिविल लाईन के बल के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर रस्सी की सहायता से मेजिक वाहन एवं उसमें सवार सभी स्कूली बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। चालक के विरुद्ध घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सिविल लाइन देवास में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है एवं वाहन को जब्त किया गया है ।




देवास पुलिस की स्कूल प्रबंधकों से अपील

देवास पुलिस द्वारा समस्त स्कूल प्रबंधकों से अपील की जाती है कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्कूल वाहनों के चालकों एवं अन्य कर्मचारियों का चरित्र सत्यापन, वाहनों का फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराकर शासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करें। साथ ही स्कूल वाहन चालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करें कि किसी भी पुल, पुलिया, अंडर ब्रिज अथवा जलभराव वाले मार्ग पर पानी भरा होने की स्थिति में वाहन को उस मार्ग से न निकालें। बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता अथवा लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राखी पर घर लौट रहे व्यापारी की सड़क हादसे में मौत

इंदौर से शाजापुर जाने के दौरान हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राखी का त्योहार मनाने इंदौर से शाजापुर अपने घर लौट रहे 54 वर्षीय कपड़ा व्यापारी बलराम देवतवाल की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा देवास के पास छोटा मालसापुरा क्षेत्र में हुआ, जहां अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी अनुसार, बलराम देवतवाल इंदौर में कपड़ों का व्यापार करते थे। राखी के त्योहार पर परिवार के साथ समय बिताने के लिए वे बाइक से अपने गृह नगर शाजापुर लौट रहे थे। इसी दौरान छोटा मालसापुरा क्षेत्र में उनकी बाइक को पीछे से किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बलराम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद बलराम को तत्काल देवास जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बलराम के भाई इंदर ने बताया कि उनके भाई इंदौर में कपड़ों का काम करते थे और राखी पर परिवार के साथ त्योहार मनाने के लिए शाजापुर लौट रहे थे। उन्होंने आशंका जताई कि पीछे से किसी चार पहिया वाहन की टक्कर लगने के कारण हादसा हुआ।पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद शुरुआती तौर पर मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने बलराम की बाइक के नंबर के आधार पर शाजापुर पुलिस से संपर्क किया। पुलिस के माध्यम से परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा भेजे गए फोटो के आधार पर परिजनों ने मृतक की पहचान बलराम देवतवाल के रूप में की।बुधवार सुबह बलराम के परिजन देवास जिला अस्पताल पहुंचे। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फरार वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।

प्रकृति को मिली उल्लेखनीय सफलता

देवास। जिले की छात्रा प्रकृति मिश्रा ने नीट मेन परीक्षा में 93.5 प्रतिशत के साथ नीट परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की। प्रकृति का एमबीबीएस के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज मंदसौर में प्रवेश हुआ है। उल्लेखनीय है कि प्रकृति ने हायर सेकेंडरी स्कूल में सी बी एस ई में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रकृति के पिता नरेश मिश्रा शासकीय शिक्षक हैं, अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजनों को दिया है।

कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन 1 सितंबर से

देवास। विकास नगर स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर में जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में 1 से 7 सितंबर 2026 तक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन 1 सितंबर को श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर, विकास नगर से कलश यात्रा निकाली जाएगी।

65वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सफलता प्राप्त करने वाले खिलाड़ी सम्मानित



देवास। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं प्रगति एथलेटिक्स क्लब द्वारा कुशभाऊ ठाकरे स्टेडियम पर पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मदनलाल कहार, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मनोज राजानी, मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, विक्रम अवॉर्डी रागनी चौहान, राजीव श्रीवास्तव, पवन यादव, विनय नायर, धर्मेंद्र भदोरिया द्वारा बेबी सिंह लॉन्ग जंप गोल्ड मेडल, प्रियांशी चौधरी सिल्वर मेडल लॉन्ग जंप, तनिष्क चौहान सिल्वर मेडल गोला फेक, गुंजन भोसले कांस्य पदक गोला फेक, भरत मुवाल 5000 मी पैदल चाल कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस उपलब्धि पर खेल और युवक कल्याण विभाग की ओर से बधाई दी गई।

ईद मिलादुन्नबी पर प्रमुख मार्गों से निकला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को देवास में मुस्लिम समाज ने उत्साह और श्रद्धा के साथ जुलूस निकाला। नयापुरा क्षेत्र से शुरू हुए जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। बच्चों से लेकर युवाओं, बुजुर्गों और शहर काजी तक ने इसमें सहभागिता की। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक उत्साह के साथ सामाजिक सौहार्द का माहौल नजर आया। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस नया पुरा क्षेत्र से रवाना हुआ। इसके बाद यह शहर के अलग-अलग प्रमुख मार्गों से होकर आगे बढ़ा। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे और पूरे रास्ते पर्व को लेकर उत्साह देखने को मिला। जुलूस में बच्चे, युवा, बुजुर्ग और समाज के वरिष्ठजन मौजूद रहे। शहर काजी ने भी इसमें सहभागिता की। जुलूस के मार्ग पर कई स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए थे। यहां समाजजनों के साथ अन्य लोगों ने भी जुलूस में शामिल लोगों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जुलूस को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए थे। प्रमुख मार्गों और जुलूस के रूट पर बल तैनात रहा।

करनावद व बरखेड़ा सोमा में स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं मैदानी स्तर पर संचालित गतिविधियों की समीक्षा के उद्देश्य से मंगलवार को जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील कुमार तिवारी द्वारा विकासखंड बागली के नगर पंचायत करनावद क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करनावद तथा करनावद क्षेत्र में संचालित दस्तक अभियान एवं ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस की सेवाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान बच्चों एवं माताओं को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण गतिविधियों तथा मैदानी कार्यों की स्थिति का अवलोकन किया गया। टीम द्वारा ग्राम बरखेड़ा सोमा पहुंचकर ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस की गतिविधियों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय एवं डीएनसी चेतना बाथम सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा मैदानी स्तर पर मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, दस्तक अभियान एवं की सेवाओं को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

भौरासा में ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलुस



भौरासा। नगर में ईद मिलादुन्नबी के मोके पर मुस्लिम समाज द्वारा बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ जुलुस निकाला गया जुलुस में बेंडबाजो के साथ छोटे छोटे बच्चे अपने हाथो में झंडे लेकर निकले। जुलुस नगर की तालिब शाहवाले बाबा की दरगाह से शुरू होकर बड़ा हनुमान चौक ,रपट ,छोटा हनुमान चौक से बस स्टैंड होता हुआ दरगाह पहुंचा, जिसका नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ। इसी कड़ी में नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेन्द्र यादव, कैलाश ठाकुर, सुभाष यादव, नगजीराम यादव, देवी सिंह यादव, अनिल जायसवाल, रमेशचंद्र इनानी, विक्रम कुमावत, विष्णु वर्मा, पप्पू परमार, देवी सिंह लोधी, मूलचंद उस्ताद, पीरु भाई ठेकेदार, सरफू मंसूरी, रईस ठेकेदार,सहित कांग्रेस जनो द्वारा शहर काजियों व सदरो का स्वागत किया गया। प्रशासन की ओर से जुलुस की व्यवस्था नायब तहसीलदार जागृति जाट और भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह ने संभाली।

अ.भा. ब्राह्मण महासंघ का श्रावणी उपाकर्म आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ एवं सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा श्रावणी उपाकर्म का आयोजन 27 अगस्त, गुरुवार को प्रातः 8 बजे से मंडी व्यापारी धर्मशाला, ए.बी. रोड, देवास में किया जाएगा।

कार्यक्रम महासंघ के अध्यक्ष पंडित दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न होगा। महासंघ के महामंत्री डॉ. रितेश शर्मा, महेंद्र व्यास एवं संजय दुबे ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म में श्री शिव मदन वैदिक विद्यालय के पंडित देवनायक मिश्र, पंडित सूर्य प्रकाश मिश्र एवं पंडित कपिल शास्त्री द्वारा वैदिक विधि-विधान से उपाकर्म संपन्न कराया जाएगा। महासंघ के समस्त पदाधिकारियों, युवा संघ एवं सर्व ब्राह्मण बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यज्ञोपवीत धारण करने का आग्रह किया गया है।

वैदिक विद्वान पं. देवनायक मिश्र ने बताया कि धर्मसिंधु आदि निबंध ग्रंथों एवं धर्मशास्त्रों के वचनों तथा वर्तमान में प्रचलित दृग एवं सौर गणित के आधार पर श्री शुक्ल यजुर्वेदियों के लिए इस वर्ष 27 अगस्त गुरुवार को श्रावणी उपाकर्म करना ही सर्वमान्य निर्णय है। उन्होंने बताया कि शास्त्रीय गणना के अनुसार पूर्णिमा तिथि के दूसरे दिन 12 घटी से कम रहने की स्थिति में पूर्व दिन ही श्रावणी उपाकर्म किया जाता है। इसी शास्त्रीय निर्णय के आधार पर इस वर्ष 27 अगस्त को उपाकर्म किया जाएगा। इस बार गुरुजनों, आचार्यों एवं धर्मशास्त्रों के निर्णीत मत के अनुसार 27 अगस्त को ही श्रावणी उपाकर्म किया जाना उचित है। पंडित सतीश दुबे एवं पंडित मयंक उपाध्याय ने बताया कि उपाकर्म में सम्मिलित होने वाले बंधु अपने साथ पहनने के वस्त्र, जनेऊ, थाली, दो लोटे, एक चम्मच, आसन एवं पंचपात्र साथ लेकर आएं, ताकि धार्मिक अनुष्ठान विधिवत रूप से संपन्न कराया जा सके।

युवा संघ के अध्यक्ष पंडित छोटू अजय पांडे ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने सभी ब्राह्मण बंधुओं से समय पर पहुंचकर श्रावणी उपाकर्म में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

नाना धारा खेड़ी में निकली कलश व कांवड़ यात्रा



भौरासा। ग्राम नाना धारा खेड़ी के ग्रामीण जनों ने श्रावण मास के चलते सोनकच्छ के पीपलेश्वर महादेव मंदिर कालीसिंध नदी से जल भर कर गांव के भोलेनाथ मंदिर तक कावड़ यात्रा निकाली जिसमें सभी ग्रामीण जन शामिल हुए। कावड़ यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। यात्रा के पश्चात गांव में एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीण लक्की यादव ने बताया कि कई वर्षों से लगातार कावड़ यात्रा निकली जा रही है।

ईद मिलादुन्नबी पर नगर में निकला भव्य जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

मुस्लिम धर्म के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन बुधवार को नगर में मुस्लिम समाज द्वारा ईद मिलादुन्नबी पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मोहम्मदी चौक तौड़ा से भव्य चादर जुलूस निकाला गया जो नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ गंजपुरा स्थित गरीब शाहदाता रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर पहुंचा। जुलूस के चमन बाजार पहुंचने पर हाजी मो. आरिफ खान गब्बर पार्षद एवं पठान परिवार द्वारा अकीदतमंदों, शहर काजी, सीरत कमेटी के सदर, विभिन्न मस्जिदों के सदर एवं पेशइमाम साहब का इस्तकबाल किया गया तथा ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद पेश की गई। इस अवसर पर शहर काजी सोनकच्छ मो. इमरान हाफिज साहब, सीरत कमेटी के सदर शाकिर शाह, अहले इस्लाम पंचायत के पूर्व सदर हाजी फकरू पठान, पठान परिवार के मुखिया हाजी हामिद खां गामाजी, भय्यू पहलवान, सैयद मकसूद मामू, हाजी शरीफ पठान पप्पू भाई, हाजी अब्दुल रहीम पठान शानू भाई सहित अन्य लोग मौजूद थे।वहीं हाजी अब्दुल रहमान फौजदार, हाजी शेखर खान, सल्लू बाबा, रफीक मेव सहित चादर जुलूस में शामिल अहले इस्लाम पंचायत के सदर यूसुफ मोहम्मद शेख, सिद्दीक खां पठान एवं हाजी मुव्ववर पठान का भी इस्तकबाल किया गया। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। टीआई विक्रांत झांझोट सहित पुलिस बल प्रमुख रूप से तैनात रहा। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकाले गए चादर जुलूस का जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरजसिंह ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस परिवार द्वारा भी स्वागत किया गया।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

गांधी जयंती से पहले मिड-डे मील किचनों में सफाई-पुताई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति एवं अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने पीएम पोषण की समीक्षा कर निर्देश दिए कि राजस्व विभाग का अमला आकांक्षा समग्र विकास समिति की हर हफ्ते जांच करें और खाद्य सुरक्षा अधिकारी भी कार्रवाई कर 15 दिनों में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सिंह ने कहा कि आने वाले दो महीनों के भीतर हर मिड-डे मील किचन की सफाई और पुताई सुनिश्चित की जाए। मिड-डे मील किचन में सालभर में दो बार पुताई करवाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि एक बार सफाई और पुताई ग्राम पंचायत और दूसरी बार समिति की तरफ से की जाए। आगामी 2 अक्टूबर के पहले हर मिड-डे मील किचन की साफ-सफाई और पुताई सुनिश्चित की जाए।कलेक्टर सिंह ने बाल विवाह के संबंध में समीक्षा करते हुए बाल विवाह रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग और अनुविभागीय अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिले में बाल विवाह के पश्चात गर्भधारण करने के मामलों में कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने ऐसे सभी प्रकरणों में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने नकली मावा और पनीर के संबंध में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनालॉग पनीर अगर कहीं पाया जाता है तो वहां कड़ी कार्रवाई की जाए तथा त्योहारों के मद्देनजर यह कार्रवाई तेज करें। गृह, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, श्रम, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में संतोषजनक प्रदर्शन न पाए जाने पर कलेक्टर सिंह ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अगली समय-सीमा बैठक से पहले सभी शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में "मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान" की समीक्षा करते हुए उन्होंने अभियान के तहत आयोजित जन-संवाद में सामने आई समस्याओं को लेकर बरोठा के वेटनरी अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सुशासन के संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं और सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके विभाग से संबंधित समस्याओं का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाए तथा अभियान के तहत जहां भी शिविर लगता है, उस क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो। मनरेगा के लंबित प्रकरणों को लेकर भी नाराजगी जाहिर करते हुए बागली, कन्नौद और खातेगांव जनपद को समीक्षा के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की दूसरी किस्त के लंबित प्रकरणों को 1 महीने में संतुष्टिपूर्वक निराकृत किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में आ रही समस्याओं का रिव्यू किया गया तथा कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि यदि प्रोग्रेस नहीं दिखती है तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप



नाबालिग को भगाने वाला युवक गिरफ्तार

ललितपुर। नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने के मामले में वांछित चल रहे 19 वर्षीय युवक को जाखलौन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जाखलौन थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना जाखलौन में दर्ज केस में वांछित अभियुक्त थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम धौजरी निवासी नरेश पुत्र तेजा सहरिया को पुलिस टीम ने 25 अगस्त को गिरफ्तार किया।

मालगाड़ी की चपेट में आया युवक, मौत

ललितपुर। रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर करीब दो बजे हादसे में लगभग 40 वर्षीय अज्ञात युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए। बताया जा रहा है कि बुधवार दोपहर करीब दो बजे एक अज्ञात युवक प्लेटफॉर्म नंबर दो से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए रेलवे पटरी पार कर रहा था। इसी दौरान लूप लाइन पर धीमी गति से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि युवक के शरीर के दो टुकड़े हो गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। दोपहर करीब 2.30 बजे तक शव को मालगाड़ी के नीचे से निकाला नहीं जा सका था। मृतक की पहचान होने के बाद उसके परिजनों को सूचना दी जाएगी।

कूड़ा फेंकने के विवाद में युवक पर हमला

ललितपुर। तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम टेटा मजरा हसारी में घर के बाहर कूड़ा फेंकने और साफ-सफाई को लेकर हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि तीन लोगों ने घर के दरवाजे पर खड़े युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की और धारदार हंसिए से हमला कर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे युवक के भाई को भी पीटने का आरोप है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम टेटा मजरा हसारी निवासी दिनेश पुत्र प्रेमसिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 अगस्त को दोपहर करीब 1.20 बजे वह अपने घर के दरवाजे के सामने खड़े थे। इसी दौरान गांव के ही दातार पुत्र तुलसी, अजय पुत्र दातार और अभिषेक पुत्र दातार वहां पहुंचे। आरोप है कि घर के दरवाजे पर साफ-सफाई और कूड़ा फेंकने के मुद्दे को लेकर आरोपियों ने अभद्रता शुरू कर दी तथा दिनेश की मां और बहनों के साथ गाली-गलौज करने लगे। दिनेश ने जब इसका विरोध करते हुए गाली देने से मना किया तो आरोपी उग्र हो गए।

रंजिश में घर के सामने लाठी-डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया

थाने में शिकायत कर लौटे परिवार पर हमला, महिला-बुजुर्ग समेत 8 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मदनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उल्दनाखुर्द में पुरानी रंजिश को लेकर एक दलित परिवार पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि थाने में शिकायत करके घर लौटे परिवार से नाराज होकर नामजद आरोपी अपने साथियों के साथ उनके घर के सामने पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों समेत परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। तहरीर पर पुलिस ने नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम उल्दनाखुर्द निवासी घूमन पुत्र धन्सा अहिरवार ने मदनपुर थाने में दी तहरीर में बताया कि 23 अगस्त 2026 को उनके भाई रामगोपाल का गांव के ही नन्दलाल यादव पुत्र मूरत यादव से विवाद हुआ था। इसी मामले को लेकर घूमन अपने भाई के साथ थाने में प्रार्थना पत्र देने गए थे। शाम करीब छह बजे दोनों शिकायत करके अपने घर लौटे। आरोप है कि थाने में शिकायत किए जाने से नाराज होकर नन्दलाल यादव अपने साथियों के साथ घूमन के घर के सामने पहुंच गया। आरोपी पक्ष ने घर में घुसने का प्रयास किया और उसके परिवार के लोगों के साथ कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर आरोपियों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में घूमन, उनके भाई सोहन पुत्र धन्सा, पत्नी मनीषा, पिता धन्सा पुत्र स्व. मनका, माता सुवा रानी, भाभी राजकुमारी, भतीजा संतराम और भतीजी ब्रजेश कुमारी के घायल होने की बात तहरीर में कही गई है। आरोप है कि मारपीट करने के बाद आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। तहरीर के आधार पर मदनपुर पुलिस ने नन्दलाल यादव पुत्र मूरत यादव, अवतार, शिवराज व विशाल पुत्रगण सिद्धू, राहुल पुत्र अवतार, सहारन पुत्र श्रीराम, हम्मेर पुत्र सरदार, सुवेन्द्र पुत्र कल्लू और साहब पुत्र बाबूलाल के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया है।

छेड़खानी के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार



ललितपुर। थाना जाखलौन पुलिस ने छेड़खानी के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ थाना जाखलौन में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज था और वह मामले में वांछित था। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में थाना जाखलौन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक थाना जाखलौन में दर्ज में वांछित अभियुक्त ग्राम पटौराखुर्द निवासी नीरज राजपूत पुत्र रामखिलान राजपूत को 26 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त को नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राम प्रकाश, उपनिरीक्षक संत किशोर शुक्ला शामिल रहे।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



ललितपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बार पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बार पुलिस ने बुधवार 26 अगस्त 2026 को गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत के थाना शाहगढ़ के ग्राम नौगवां निवासी नीलेश दुबे उर्फ नीलू पुत्र रमेश दुबे को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध थाना बार में मु.अ.सं. 18/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है और वह इस अभियोग में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त नीलेश दुबे उर्फ नीलू के विरुद्ध के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना बार के प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र मिश्रा तथा उपनिरीक्षक मान सिंह मय पुलिस टीम शामिल रहे।

प्रधानमंत्री के लाइव संबोधन से होगा कार्यक्रम का शुभारंभ

नेहरू महाविद्यालय में आज होगा खेलो इंडिया संवाद युवा कनेक्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के अवसर पर 27 अगस्त को नेहरू महाविद्यालय में खेलो इंडिया संवाद युवा कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर महाविद्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 27 अगस्त को देशव्यापी खेलो इंडिया संवाद युवा कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले में इस राष्ट्रीय कार्यक्रम की मेजबानी नेहरू महाविद्यालय करेगा। महाविद्यालय को लाइव प्रसारण एवं दो-तरफा संवाद की सुविधा वाले केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री के लाइव वर्चुअल संबोधन से होगा। महाविद्यालय के तुलसी सभागार में उपस्थित युवा विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं जनप्रतिनिधि प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखेंगे। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद स्थानीय खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों एवं युवा आइकॉन के साथ मॉडरेटेड डिस्कशन एवं परिचर्चा आयोजित की जाएगी। इस दौरान उपस्थित युवाओं से निर्धारित चार प्रमुख विषयों पर उनके विचार और सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे।

युवाओं से चार विषयों पर विचार और सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को संबंधित पोर्टल पर पंजीकरण कराने के साथ-साथ विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026 क्विज में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना तथा उन्हें अपने विचार रखने के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है। प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डा. ओमप्रकाश चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी हिमांशधर द्विवेदी, जितेंद्र कुमार, डा.विनीत अग्निहोत्री, मनीष वर्मा एवं डा.रोहित वर्मा को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समीक्षा बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, व्यवस्थाओं और दायित्वों की समीक्षा कर आयोजन को अंतिम रूप दिया गया।

ईद उल मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस, अल्लाह जानता है मोहम्मद का मर्तबा के नारों से गूंजा पाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



कस्बा पाली में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर मस्जिदों में नमाज अता की गई तथा मुस्लिम समाज की ओर से शान-ओ-शौकत के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाथों में धार्मिक झंडे थामे लोग सरकार की आमद मरहबा जैसे नारों के साथ आगे बढ़ते रहे। जुलूस मुख्य बाजार, गांधी चौक और बस स्टैंड से होते हुए पीर बाबा की मजार पर पहुंचा। इस दौरान डीजे पर धार्मिक कलाम और गीत गूंजते रहे। अल्लाह जानता है मोहम्मद का मर्तबा सहित विभिन्न कलामों से पूरा कस्बा गूंज उठा। उत्साहित युवा जुलूस के दौरान झूमते नजर आए। महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी दर्ज कराई। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में अन्य समाज के लोगों ने भी शामिल होकर कौमी एकता, आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

जुलूस के दौरान देशभक्ति के तराने भी गूंजते रहे। लोगों ने मिल-जुलकर त्योहार मनाते हुए सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश की। इस दौरान चेयरमैन मनीष तिवारी, समाजसेवी राजेश सोनी, सदर हनीफ शाह, मासूम शाह, रसूल शाह, यूसुफ शाह, हस्सू शाह, अतुल जैन, भगवत नारायण दीक्षित और विमल कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार पुलिस बल के साथ जुलूस के साथ मौजूद रहे। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कुरान पाठ का आयोजन किया गया।

खडोवरा के पं.रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल हाईस्कूल में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पं.रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल हाई स्कूल खडोवरा में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने मां सरस्वती तथा पं.रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों के लिए राखी बनाओ और थाली सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल राखियां तैयार कीं। रक्षाबंधन के अवसर पर छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधकर उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की। वहीं छात्रों ने भी अपनी बहनों की सदैव रक्षा करने और हर परिस्थिति में सहयोग देने का संकल्प लिया। छोटे बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस दौरान प्रधानाचार्य ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार केवल भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक नहीं है, बल्कि परस्पर विश्वास, सम्मान, सद्भाव और एक-दूसरे की रक्षा के दायित्व का भी संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्व की मूल भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं के बीच मिठाइयां वितरित की गईं। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

तालबेहट में नेहा सेल्स एजेंसी पर कार्रवाई

रक्षाबंधन पर खाद्य विभाग की छापेमारी, 88 किलो बेसन सीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने तालबेहट क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। अभियान के दौरान टीम ने तालबेहट स्थित नेहा सेल्स एजेंसी पर छापामार कार्रवाई की। यहां भंडारित छप्पन भोग ब्रांड बेसन का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ता के पास उक्त खाद्य सामग्री से संबंधित बिल/इनवॉइस उपलब्ध नहीं पाया गया। इसके चलते टीम ने 88 किलोग्राम बेसन सीज कर दिया। इसके अलावा टीम ने प्रिया स्वीट्स, तालबेहट का भी निरीक्षण किया। यहां से खोया और आइसक्रीम के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सभी नमूनों की प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से त्योहारी सीजन में खाद्य कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति रही। खाद्य कारोबारियों को गुणवत्ता बनाए रखने तथा खाद्य सामग्री की खरीद-बिक्री से संबंधित आवश्यक अभिलेख और बिल सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. निरंजन आदि मौजूद रहे।

अमृत भारत एक्सप्रेस में बर्थ के नीचे रखा था बैग

महिला यात्री का डेढ़ लाख के जेवरात और नकदी से भरा बैग ट्रेन से चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ट्रेनों में यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस में एक महिला यात्री का जेवरात और नगदी से भरा ट्रॉली बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। ट्रेन में सफर के दौरान महिला ने अपना ग्रे रंग का ट्रॉली बैग बर्थ के नीचे रखा था। नींद खुलने पर बैग गायब मिला। बैग में सोने-चांदी के जेवरात और नगदी समेत करीब 1.53 लाख रुपये का सामान बताया गया है। शिकायत पर जीआरपी ललितपुर ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, नेहा मौर्या पत्नी श्रवण कुमार मौर्या, निवासी ग्राम केन सिराथु, सैनी, कौशाम्बी, 28 जुलाई 2026 को अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 22589 अमृत भारत एक्सप्रेस से फतेहपुर से रानी कमलापति (भोपाल) की यात्रा कर रही थीं। परिवार को ट्रेन के कोच एस 04 में बर्थ संख्या 80, 76 और 79 आवंटित थीं। यात्रा के दौरान नेहा ने अपना ग्रे रंग का ट्रॉली बैग बर्थ संख्या 80 के नीचे रख दिया और उसी बर्थ पर सो गईं। नेहा के मुताबिक ट्रेन जब ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो उनकी आंख खुली। बाथरूम जाने के लिए जब उन्होंने बर्थ के नीचे रखी अपनी चप्पल निकालने के लिए देखा तो ट्रॉली बैग गायब था। काफी तलाश के बाद भी बैग का पता नहीं चला। बैग में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी गायब होने से महिला के होश उड़ गए।

घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट का आरोप

नेहरूनगर में रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष, गर्भवती महिला समेत कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरूनगर मोहल्ले में पुरानी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे लोगों ने एक परिवार के साथ कथित रूप से मारपीट कर दी। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य सदस्यों को भी पीटा गया। इसी दौरान घटना का वीडियो बना रही एक गर्भवती महिला को भी ईंट का टुकड़ा लगने से चोटें आईं। मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेहरूनगर निवासी देवेन्द्र यादव पुत्र शिशुपाल सिंह ने बताया कि 22 अगस्त 2026 की शाम करीब 4.20 बजे वह अपने घर पर मौजूद थे।

इसी दौरान मोहल्ले के ही रज्जन यादव, हरीओम पुत्र रज्जन यादव, शिवम पुत्र रज्जन यादव और रामदेवी पत्नी रज्जन यादव वहां पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे। देवेन्द्र यादव द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उनके भाई चालीराजा, छोटेराजा, माता रामकली, बहन रश्मि, भाभी जयकुमारी और पत्नी संगीता मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव का प्रयास किया। घटना में देवेन्द्र यादव तथा उनके भाई चालीराजा और छोटेराजा को चोटें आईं। तहरीर के मुताबिक, मारपीट की घटना का वीडियो पड़ोस में रहने वाली स्वीटी पत्नी अमित पुरोहित और आकांक्षा पत्नी अमित दुबे द्वारा अपने घर की छत से बनाया जा रहा था।

जहां सुविधाएं सीमित, वहां विज्ञान की पहुंच सुनिश्चित कर रहे जिलाधिकारी

नाराहट में 700 विद्यार्थियों ने देखी विज्ञान बस, सीखा विज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक विज्ञान की आधुनिक जानकारी और प्रयोगात्मक शिक्षा पहुंचाने की दिशा में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की पहल रंग ला रही है। इसी क्रम में जनपद के दूरस्थ क्षेत्र नाराहट स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़ी गतिविधियों को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए विज्ञान बस का आगमन हुआ। विज्ञान बस में करीब 700 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने पहुंचकर विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों और गतिविधियों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन तथा डीआईओएस ओमप्रकाश एवं बीएसए रत्नेश कुमार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ द्वारा संचालित विज्ञान बस को विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया गया। विज्ञान बस का लाभ स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज नाराहट के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ श्री छत्रसाल जिला परिषद हाई स्कूल नाराहट, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नाराहट, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय नाराहट, कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोंगरा खुर्द, पटेल ग्राम उत्थान इंटर कॉलेज बनयान तथा वृंदावन लाल एजुकेशनल कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी लिया। विज्ञान बस में विद्यार्थियों को विज्ञान से जुड़े विभिन्न नए-नए प्रयोगों की जानकारी दी गई।

छात्र-छात्राओं ने प्रयोगों को नजदीक से देखा और वैज्ञानिक गतिविधियों को समझने का प्रयास किया। इस दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया। प्रयोगात्मक तरीके से विज्ञान की जानकारी मिलने से विद्यार्थियों को विषय को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला।

करोड़ों की लागत से बना नवीन भवन भी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के अभाव में खा रहा धूल

सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की मनमानी से क्षेत्र की जनता परेशान, 9 डॉक्टर में से 3 दे रहे 24 घंटे सेवा





अस्पताल में पदस्थ यह डॉक्टर छुट्टी पर

नाम	समयावधि
डॉ. चंचल दांगी	जनवरी 2026 से अवकाश पर हैं।
डॉ. कृष्णा अग्रवाल	मार्च 2026 से अवकाश पर हैं।
डॉ. अनु प्रेक्षा जैन	मात्र ज्वाइनिंग इसके बाद अवकाश पर चलीं गईं।
डॉ. प्रियंका नरवरिया	हाल ही में 45 दिन के अवकाश पर गईं।
डॉ. मनोज गुप्ता	यह राजगढ़ में पदस्थ बताए गए हैं।
डॉ. मनीष सूर्यवंसीष	-यह विगत तीन वर्षों से सिविल अस्पताल जीरापुर में पदस्थ होकर भी सारंगपुर अस्पताल में सेवाएं दे रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर नगर में करोड़ों रुपए की लागत से 50 बिस्तरों का हांस्पिटल बनकर तैयार है लेकिन नवीन भवन में शिफ्ट नहीं होने से नवनिर्मित भवन शो-पीस बनकर धूल खा रहा है। हालांकि नवीन भवन शो-पीस होना स्वाभाविक है क्योंकि पुराने भवन में संचालित सिविल अस्पताल के यह हालात हैं कि जहां नौ डाक्टर पदस्थ हैं लेकिन मात्र तीन डाक्टरों के भरोसे स्वास्थ्य सुविधाएं संचालित हो रही हैं। जानकारी के मुताबिक नौ में से छह चिकित्सक लम्बे समय से अवकाश पर, ऐसे में सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर सावलिया निशान लगा रही है। सिविल अस्पताल में नौ एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थ होने के बावजूद वर्तमान में केवल तीन चिकित्सकों के भरोसे अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं चल रही।

9 डॉक्टरों में से सिर्फ तीन बजा रहे 24 घंटे ड्यूटी

बीएमओ डॉ. सुनील चौरसिया सहित डॉ. अभिषेक शर्मा और डॉ. कमल वर्मा द्वारा 24 घंटे ड्यूटी कर मरीजों को सेवाएं दे रहे हैं। वहीं छह चिकित्सकों के लंबे समय से अवकाश पर रहने से अस्पताल की व्यवस्थाओ में मरीजों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक राजनीतिक संरक्षण के चलते सिविल अस्पताल के 6 डॉक्टरो ने लंबे समय से अवकाश लेकर सरकार द्वारा मिल रहे सैलरी में मौज कर रहे और अस्पताल में आने वाले पीड़तों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के प्रमुख स्वास्थ्य केन्द्र के यह हालात

सिविल अस्पताल क्षेत्र का एक मात्र बड़ा अस्पताल माना जाता है जिसमें नगर की बड़ी आबादी के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए भी प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। लगातार ड्यूटी के कारण चिकित्सकों पर भी अतिरिक्त कार्यभार पड़ने की स्थिति बन रही है। गजब की स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था जिस पर शासन प्रशासन ही नहीं जनप्रतिनिधि भी मौन चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसे में अस्पताल में आने वाले मरीजों का उपचार वर्तमान में मुख्य रूप से तीन डॉक्टरों के भरोसे चल रहा है।

ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी यह हालात

ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में डॉ. सिमरन ठाकुर 15 जुलाई से तथा डॉ. शुभम अग्रवाल मार्च से अवकाश पर बताए जा रहे हैं। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगोरा में डॉ. जतिन शर्मा 15 जून से अवकाश पर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को उपचार के लिए नगर के अस्पताल तक आना पड़ता है।

लंबे अवकाश और वैकल्पिक व्यवस्था पर सवाल

स्थानीय संवाददाता ने जब अस्पताल में ओपीडी की जानकारी ली तो पता चला प्रतिदिन लगभग 300 से अधिक मरीज अपने इलाज हेतु अस्पताल में पहुंचते हैं। शासन प्रशासन की स्वास्थ्य सेवाओं डॉक्टरों पूर्ति के डंके मात्र दिखावा साबित हो रहें हैं। जब इन चिकित्सकों के पद स्वीकृत होकर पदस्थ हैं, तो लंबे समय तक चिकित्सकों के अवकाश पर रहने की स्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्यों उचित कार्यवाही नहीं की जाती है क्यों खाना पूर्ति करके मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे में वैकल्पिक चिकित्सकों की व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है। वहीं यह भी सवाल है कि लंबे अवकाष स्वीकृत करने के दौरान मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए विभाग ने क्या वैकल्पिक व्यवस्था की।

इनका कहना है...

अस्पताल में 9 डॉक्टर पदस्थ हैं, उनमें से 6 ने अवकाश ले रखा है, इस संबंध में मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। आगे उनके बारे में सीएमएचओ ही बता पाएंगे।

डॉ. सुनील चौरासिया,
ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर जीरापुर

- सिविल अस्पताल में डॉक्टर की कमी को देखते हुए मेरे द्वारा आयुक्त को पत्र लिखा जाएगा। डॉक्टरों की नई नियुक्ति भी होना है, जिसमें सिविल अस्पताल की पूर्ति की जाएगी और छुट्टी पर लंबे समय से चल रहे डॉक्टरों की जांच करवाता हूँ।

हजारीलाल दांगी,
विधायक विधानसभा क्षेत्र खिलचीपुर

नोटिस के 15 दिन बाद भी खाली नहीं करवाई गईं शराब दुकानें

सीएमओ ने 11 अगस्त को जारी किए थे 4 नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय नाका नंबर'-3 स्थित काम्पलेक्स की चार दुकानों के दुकानदारों ने बगैर नगर पालिका की अनुमति लिए शराब ठेकेदार को अपनी दुकानें किराए के आधार पर दे रखी हैं। जबकि, ये दुकानदार स्वयं नगर पालिका को दुकानों का किराया देते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो चारों दुकानदार पूरी तरह से दुकानों के मालिक नहीं है।

ऐसे में नगर पालिका सीएमओ पवन अवस्थी ने उक्त चारों दुकानों के दुकानदारों को 11 अगस्त को नोटिस जारी कर अपनी-अपनी दुकानें शराब ठेकेदार से खाली करवाने नोटिस जारी किया था। सीएमओ के नोटिस के 12 दिन बीत जाने के बाद भी इन दुकानों से शराब दुकानें नहीं हट पाई हैं। आपको बतादें कि नगर पालिका ने ऑक्शन सिस्टम(बोली) के तहत ये दुकानें इसलिए आवंटित की थी ताकि इन्हें लेने वाला व्यक्ति स्वयं का व्यवसाय चालू करते हुए आत्मनिर्भर बन सके। ऐसा तो हुआ नहीं उलटे दुकानदारों ने अपनी दुकानें शराब ठेकेदार को किराए पर दे दीं।

इन चार दुकानदारों को जारी हुए हैं नोटिस

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजगढ़ ने जिन चार दुकानदारों को उक्त नोटिस जारी किए हैं उनमें सोमलाल पिता शंभुलाल दुकान क्रमांक-4, कालूराम पिता प्यारजी दुकान क्रमांक-5, दिनेश कुमार पिता बाबूलाल दुकान क्रमांक-6 एवं बब्बी खां पिता अताउल्ला खां दुकान क्रमांक-7 शामिल हैं। आपको बतादें कि उक्त चारों दुकानें एकदम पेरेलर(एक के बाद एक) बनी हुई हैं ऐसे में संबंधित शराब विक्रेता ने अपनी सहुलियत के लिए चारों दुकानों को किराए पर लिया है।

इनका कहना है

यदि दुकानें अब तक खाली नहीं करवाई गई हैं तो अब आगे चारों दुकानदारों पर नगरीय प्रशासन विभाग के नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

पवन अवस्थी, सीएमओ,
नगर पालिका, राजगढ़

कांग्रेस सेवादल ने हार्डिकरजी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि की अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर



कांग्रेस सेवादल द्वारा 26 अगस्त, बुधवार को कांग्रेस सेवादल के संस्थापक नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की 51वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस सेवादल मंदसौर द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर आजादी के आंदोलन में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर उनको याद किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटील ने संबोधित करते हुए आजादी में उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष दिलीप देवड़ा ने बोलते हुए कहा कि सन 1923 में हार्डिकरजी ने कांग्रेस सेवादल की स्थापना की। उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए 1952 में उनको राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया गया था।

आजादी में महत्वपूर्ण योगदान के लिये उन्हें 1958 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए सोमिल नाहटा, मनजीतसिंह मनी, हनीफ शेख, ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत, महिला जिलाध्यक्ष राखी सत्रावाला ने भी हार्डिकर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहनपुरी गोस्वामी, सलामुद्दीन मंसूरी, विजय सिसोदिया, प्रदीप बड़ोलिया, मनोहर नाहटा, जाहिर पठान, आदित्य पाटील, राजेन्द्र सेठिया, लाला सोनी, राजनारायण लाड़, विश्वास दुबे, दशरथ राठौर, दशरथ शर्मा, दिनेश जेठानिया, वकार खान, सादिक गौरी, साबिर इलेक्ट्रीशियन, अकरम खान, खलील खान, आमिन खान, ओमप्रकाश माथुर, कन्हैयालाल कुमावत, रवि बैरागी, सलीम शेख, भेरूलाल कुमावत, महिला नेत्रियों में अनिता भदोरिया, सुनीता बंडी, वर्षा दोहसरिया, वर्षा सांखला, शीतल चौहान सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे। संचालन ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने किया एवं आभार महिला सेवादल विंग जिलाध्यक्ष योगिता बैरागी ने माना।

सैनिक स्कूल मंदसौर के कैडेट्स ने वीर सैनिकों के लिए प्रेषित की राखी एवं शुभकामना संदेश

मंदसौर। सैनिक स्कूल मंदसौर के कैडेट्स द्वारा देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के प्रति सम्मान, स्नेह एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राखियाँ एवं शुभकामना संदेश (ग्रीटिंग कार्ड) प्रेषित किए गए। कैडेट्स ने अपने संदेशों के माध्यम से भारतीय सेना के वीर जवानों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उनके त्याग, साहस, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस पहल के माध्यम से कैडेट्स ने यह संदेश दिया कि देश की रक्षा में सदैव तत्पर रहने वाले हमारे वीर सैनिकों के प्रति पूरा राष्ट्र सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखता है।यह सराहनीय पहल कैडेट्स में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति एवं भारतीय सेना के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास है।

भगवान श्री झूलेलाल चालिहा साहेब के 40वें कार्यक्रम का भव्य समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर


सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जी के 40 दिवसीय चालीहा साहेब कार्यक्रम का इस वर्ष श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के साथ भव्य समापन हुआ। वरुणदेव मंदिर में जीर्णोद्धार एवं सीढ़ियों से संबंधित कार्य चलने के कारण इस वर्ष भगवान श्री झूलेलाल जी के चालीहा साहेब के कार्यक्रम नई आबादी स्थित गुरुद्वारा एवं सिंधु आराधना मंदिर में आयोजित किए गए। पूरे 40 दिनों तक भजन-कीर्तन, आरती एवं धार्मिक आयोजनों में समाज के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से समाज की माता-बहनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

इस वर्ष पहली बार पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के नेतृत्व में चालीहा साहेब के दौरान भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने मिल-जुलकर सहभागिता की। इससे समाज में सेवा, सद्भाव और एकता का सुंदर संदेश गया।

24 अगस्त 2026 को 40 दिवसीय चालीहा साहेब का धार्मिक कार्यक्रम पूर्ण हुआ। इसके पश्चात 25 अगस्त 2026, मंगलवार को भगवान श्री झूलेलाल जी की जल-ज्योति एवं व्रत रखने वाली माता-बहनों द्वारा अपने घड़ी विसर्जित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी के नेतृत्व में समाजजनों ने भव्य चल समारोह निकाला। डीजे एवं धार्मिक जयघोष के साथ श्रद्धालु भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर पहुंचे, जहां जल-ज्योति की विधिवत पूजा-अर्चना कर चालीहा साहेब का समापन किया गया। इसके पश्चात झूलेलाल सिंधु महल में आम भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की।

पूरे आयोजन में समाज की एकजुटता, धार्मिक आस्था और सेवा भावना देखने को मिली। चालीहा साहेब के सफल आयोजन के लिए पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के दृष्टानंद नैनवानी, समाज के अध्यक्ष श्री वासुदेव सेवानी, नंदू आडवाणी, राजेश चाहूजा, गिरीश भगतानी, विजय कोठारी,जय सेवानी, रमेश लवाणी, प्रीतम खेमानी, देवीदास हरवानी, दुर्गेश बेलानी, कुंदन मामा,लाला ककनानी, कैलाश मनवानी, अनिल सेवानी, दिनेश चंदवानी, प्रदीप सतीदासानी, सुरेश पुरुस्वानी, मुरली पारवानी, गोपाल पारवानी, चंद्र प्रकाश आडवाणी, देवीदास सेवानी,पुनम माखीजा, लक्ष्मण रायमालानी,ज्योति ककनानी, चंदा कोठारी,दुर्गा (जापानी)भावनानी आदि सहित समाज के सभी पदाधिकारियों, माता-बहनों, युवाओं एवं समाजजनों की उपस्थिति रही।

तीन महीने में ही दरारों में तब्दील हुई 15 लाख की सीसी सड़क, नाली निर्माण भी अधूरा



सारंगपुर। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बरखेड़ा खुर्रम के अंतर्गत खंजरपुर गांव में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से करीब 15 लाख रुपए की लागत से मई माह में बनाई गई सीमेंट कांक्रीट (सीसी) सड़क महज तीन महीने में ही जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने लगी है। सड़क पर कई स्थानों पर दरारें पड़ गई हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीण अनिल राठौर और महेश राठौर ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण से पहले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पर्याप्त मुरम डालकर उसकी दबाई नहीं की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क में करीब दो से तीन इंच तक ही सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके चलते सड़क मजबूत नहीं बन सकी। निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़क पर जगह-जगह दरारें दिखाई देने लगीं। ग्रामीणों के अनुसार सीसी सड़क के साथ नाली निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित था, लेकिन एक तरफ नाली का निर्माण पूरा नहीं किया गया। वहीं, जहां नाली बनाई गई है, वहां भी कई स्थानों पर नाली टूट चुकी है। इससे बारिश के दौरान पानी की निकासी को लेकर परेशानी होने की आशंका है। ग्रामीणों ने सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने और तकनीकी अधिकारियों से मौके का निरीक्षण करवाने की मांग की है। उनका कहना है कि लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद यदि सड़क कुछ ही महीनों में खराब होने लगे तो निर्माण की गुणवत्ता और जिम्मेदारी तय की जाना जरूरी है।

इनका कहना है...

नाली जहां बननी थी, वहीं उसका निर्माण किया गया है। अभी मूल्यांकन नहीं हुआ है। जितना काम किया गया है, उतने का ही मूल्यांकन होगा। बचा हुआ काम भी करवाया जाएगा।"

नरेंद्र कुमार पांडे, सचिव, ग्राम पंचायत बरखेड़ा खुर्रम इंजीनियर को भेजकर मौके पर दिखवा लेते हैं। यदि काम गुणवत्ताहीन पाया गया तो उसका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

कृपाल पेरवाल, एसडीओ, आरईएस सारंगपुर

कयामपुर में ईद-ए-मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस, दी मुबारकबाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कयामपुर

ईद-ए-मिलादुन्नबी के मुबारक अवसर पर कयामपुर में हर्षोल्लास, अकीदत और भाईचारे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता कर एक-दूसरे को ईद-ए-मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद दी। कयामपुर सीरत कमेटी के नेतृत्व में लगातार 12 दिनों तक रोजाना नमाज़-ए-ईशा के बाद मिलाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं को तबर्रुक भी वितरित किया गया। मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस मुख्य मार्ग, सदर बाजार, बस स्टैंड, रानीखेड़ा एवं आंखरिया चौक से होते हुए ईदगाह-दरगाह मैदान पहुंचा, जहां जुलूस का समापन हुआ।

जुलूस में कयामपुर के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जुलूस के मार्ग में जगह-जगह मिठाई, चॉकलेट एवं शरबत वितरित किए गए। पूरे मार्ग पर अकीदत और उत्साह का माहौल बना रहा। आयोजन को सफल एवं व्यवस्थित बनाने में कयामपुर सीरत कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजकों ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा, अमन, मोहब्बत और एकता का संदेश देते हैं।

सीतामऊ में निकला भव्य जुलूस-ए-मिलाद

अकीदत के साथ मनाया जश्ने ईद-मिलादुन्नबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतामऊ/ मंदसौर

इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश(जन्मदिन) के मौके पर बुधवार को सीतामऊ नगर में जश्ने ईद-मिलादुन्नबी पूरी शानो-शौकत और अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में परंपरागत मार्ग से एक भव्य जुलूस-ए-मिलाद निकाला गया, जिसमें बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में शिरकत की।

सरकार की आमद मरहबा के नारों से गूंजा नगर

जुलूस की शुरुआत तालाब चौक से हुई, जो सदर बाजार, लोहारी चौक, आजाद चौक और रजवाड़ा चौक से होता हुआ नगर पंचायत प्रांगण पहुंचा और वापस तालाब चौक पर आकर संपन्न हुआ। नगर का कोना-कोना लब्बैक या रसूल अल्लाह और सरकार की आमद मरहबा के नारों से गूंज उठा। इस दौरान डीजे के इस्तेमाल से परहेज करते हुए रास्तेभर नात-ख्वानी और दरूदो-सलाम की गूंज से माहौल पूरी तरह रूहानी नजर आया।



बग्गी पर सवार रहे मुफ्ती साहब और अंजुमन सदर

जुलूस में युवा नाते-पाक पढ़ते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिनके पीछे एक सुसज्जित बग्गी में मुफ्ती साहब और अंजुमन सदर शमशेर मौलाना सवार थे। उन्होंने रास्तेभर नगरवासियों का अभिवादन स्वीकार किया। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरे जुलूस का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं और गणमान्य नागरिकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जगह-जगह ठंडे पानी, शरबत और मिठाइयों के स्टॉल लगाए गए।

राजनीतिक व सामाजिक सहभागिता

लोहारी चौक पर जिला योजना समिति के सदस्य एवं पार्षद अनिल पांडे ने समाजजनों को बधाई दी। दाऊदी बोहरा जमात तथा भगौर गेट पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से जुलूस पर पुष्पवर्षा की गई स्वागत करता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल फरक्या रमेश चंद्र मालवीया भेरुलाल राठौड़ पवन शर्मा धर्मेंद्र शर्मा के अलावा कई कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे सभी ने मुफ्ती साहब व अंजुमन सदर के साथ जलसे का पुष्पमालाओं से स्वागत अभिनंदन किया गया।

अमन और भाई-चारे का परिचय दिया

तालाब चौक पर पहुंच कर जुलूस एक सभा में तब्दील हो गया। यहां बरेली से विशेष रूप से पधारे मुफ्ती साहब ने अपनी तकरीर में पैगंबर-ए-इस्लाम की सीरत पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने अमन, भाईचारे, आपसी मोहब्बत का पैगाम देते हुए मुल्क में सुकून और सलामती के लिए विशेष दुआ कराई। कार्यक्रम के अंत में नात-ए-पाक और दरूद-ओ-सलाम के बाद उपस्थित लोगों में तबर्रुक वितरित किया गया।

प्रशासन और नगर पालिका की मुस्तैदी

शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एस डी एम, एस डी ओ पी, तहसीलदार, थाना प्रभारी और कस्बा पटवारी सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। वहीं, नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी जुलूस मार्ग के साथ-साथ मुस्तैदी से साफ-सफाई में जुटे रहे। पूरा आयोजन शांति, अनुशासन और भाईचारे के माहौल में संपन्न हुआ।